संदिग्ध परिस्थिति में चौकीदार की मौत, जांच में जुटी पुलिस

बिहटा (आससे)। बिहटा थाना क्षेत्र के कटेसर गांव निवासी थाना के चौकीदार नागेंद्र कुमार (पिता स्वर्गीय केशव पासवान) की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बिहटा थाना प्रभारी अमित कुमार और एसआई राज कुमार पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। वहां चौकीदार की बाइक खड़ी थी और वह जमीन पर गिरा हुआ मिला। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया।

घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि, मौत के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो सका है। बिहटा थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों के संबंध में स्पष्ट जानकारी मिल पाएगी। फिलहाल घटनास्थल की जांच के लिए एफएसएल टीम को सूचना दी गई है। टीम की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट जाएगी। इधर, चौकीदार की शोक का माहौल है। वहीं, मृतक के



के आधार पर आगे की कार्रवाई की असामयिक मौत से पुलिस महकमे में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

भैंस को जहर देकर मारने का आरोप

मसौढ़ी (आससे)। कादिरगंज थाना क्षेत्र के मुदफ्फरपुर गांव में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां एक पशुपालक की भैंस को नाद में लिट्टी के साथ जहर खिलाकर मार देने का आरोप लगा है। घटना के बाद से पशुपालकों में आक्रोश है। पीड़ित पशुपालक अरविंद प्रसाद ने बताया कि रोज की तरह रात में भैंस को बढ़िया से चारा-पानी देकर और शाम में दूध निकाल कर वह सो गए थे। सुबह उनकी पत्नी बबीता देवी बाजार गई थीं। बाजार से लौटने पर उन्होंने देखा कि खूंटे में बंधी भैंस छटपटा रही है। पत्नी ने तुरंत इसकी सूचना पति और थाने को दी। सूचना मिलते ही कादिरगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाने की ओर से वेटरनरी डॉक्टर की टीम को बुलाया गया और फॉरेंसिक टीम ने नाद में पड़े लिट्टी और चारे का सैंपल जांच के लिए लिया। अरविंद प्रसाद का आरोप है कि किसी ने रंजिश में लिट्टी में जहर मिलाकर नाद में डाल दिया, जिसे खाने से भैंस की मौत हो गई।

दिवंगत राजकुमार के परिजनों से मिले सांसद प्रतिनिधि, दी आर्थिक मदद

बिक्रम (आससे)। पाटलिपुत्र की सांसद डॉ. मीसा भारती के निर्देश पर बिक्रम क्षेत्र के दनारा निवासी दिवंगत राजकुमार उर्फ पल्लू यादव के और नीतीश यादव पीड़ित परिवार के घर पहुंचे।

उन्होंने परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और इस दुख



शोकाकुल परिवार से सांसद के प्रतिनिधियों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने मुलाकात की। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि राजीव राय तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि गुड्डू यादव की घड़ी में उन्हें ढांढ़स बंधाया। परिवार की अत्यंत दयनीय आर्थिक स्थिति एवं गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने की जानकारी मिलने पर सांसद डॉ. मीसा भारती की ओर से परिवार को आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया गया।

प्रतिनिधियों ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में सांसद की ओर से हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

सड़क हादसे में घायल दूसरे युवक की भी मौत, दो दोस्तों की एक साथ उठी अर्थी

नौबतपुर (आससे)। पटना-सोन नहर सड़क पर नौबतपुर थाना क्षेत्र के अजय नगर बालापर के समीप शनिवार की रात हुए सड़क हादसे में घायल दूसरे बाइक सवार की भी मौत हो गई। मोहनीपोखर निवासी 24 वर्षीय रंजीत कुमार ने रविवार की सुबह पटना एम्स में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इससे पहले हादसे में गंभीर रूप से घायल उसके दोस्त 23 वर्षीय साहिल कुमार की शनिवार की रात ही इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

जानकारी के अनुसार, शनिवार की रात दोनों दोस्त एक ही बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान अजय नगर बालापर के समीप तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची ट्रैफिक पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए नौबतपुर रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना एम्स रेफर कर दिया था। एम्स में इलाज के दौरान पहले साहिल और फिर रविवार की सुबह रंजीत की मौत हो गई। एक ही हादसे में दो दोस्तों की मौत से मोहनीपोखर गांव में मातम पसरा है। वहीं, दोनों परिवारों में चीख-पुकार मची हुई है। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है।

इंदिरा गांधी और सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि

बख्तियारपुर (आससे)। दीदारगंज बख्तियारपुर फोरलेन स्थित जगदंबा होटल परिसर में प्रखंड अध्यक्ष विजय प्रकाश कि अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अखंडता एवं एकता के प्रतीक लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इन्दिरा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर नमन किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष रामानंद शर्मा, भुवनेश्वर प्रसाद यादव, ओम प्रकाश शर्मा, अशोक सिंह, राज कुमार सिंह, संजय कुमार सहित अनेक नेताओं ने लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के देश के नव निर्माण में किये कार्यों एवं इन्दिरा गांधी का देशू लिए किये गये बलिदान की चर्चा की।

'संकल्प बिहार' की बैठक में संगठन का विस्तार

मनोज यादव अध्यक्ष और राधा रमण तिवारी बने संरक्षक

खुसरूपुर (आससे)। प्रखंड के हेमजापुर में रविवार को नवगठित गैर-राजनीतिक संगठन संकल्प बिहार की द्वितीय बैठक संपन्न हुई। यह बैठक राधा रमण तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जबकि इसका सफल संचालन मनोज यादव ने किया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव संपन्न कराया गया।

संगठन की नई समिति का गठन किया गया, जिसमें राधा रमण तिवारी को संरक्षक और मनोज यादव को अध्यक्ष मनोनीत किया गया।इसके अलावा प्रो. जगदीश प्रसाद को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और दिलीप तिवारी को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई।

संगठन को सुचारू रूप से चलाने के लिए दीपक कुमार लाल एवं देवकांत प्रसाद को महासचिव चुना गया। सचिव पद के लिए रावी रमण, चंद्रगुप्त और धीरज वर्मा का चयन किया गया, जबकि विनय सिंह, निखिल कुमार एवं छोटू कुमार को संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई।



इसके साथ ही संगठन के विस्तार और कार्यों की निगरानी के लिए कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। इसमें अमित कुमार, सुबोध शुक्ला, शंकर पांडेय, इंदल कुमार, दिनेश कुमार द्विवेदी और आनन कुमार को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि संगठन पूरी निष्ठा के साथ बिहार के विकास और सामाजिक सरोकारों के लिए काम करेगा।

उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी ने किया गायत्री किचन रिसोर्ट का उद्घाटन

मसौढ़ी (आससे)। धनरूआ के साई मंदिर के पास स्थित गायत्री किचन रिसोर्ट का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। रिसोर्ट का उद्घाटन बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने फीता काटकर किया। इस रिसोर्ट के संचालक उपेंद्र नारायण विद्यार्थी हैं। उद्घाटन समारोह में कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ,मसौढ़ी विधायक अरुण मांझी, पूर्व प्रत्याशी ऋषिराज समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उद्घाटन के मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि आज पूरे बिहार में मिलावट का दौर चल रहा है। ऐसे में शुद्धता के प्रतीक के रूप में गायत्री रिसोर्ट एक मील का पत्थर साबित होगा। यहां लोगों को शुद्ध और सात्विक भोजन, शुद्ध वातावरण और बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि धनरूआ जैसे ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के आधुनिक रिसोर्ट का खुलना क्षेत्र के विकास का संकेत है। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार भी मिलेगा और लोगों को शादी-विवाह व अन्य कार्यक्रमों के लिए अच्छी जगह मिलेगी। मौके पर विधायक अरुण मांझी ने भी रिसोर्ट संचालक को बधाई दी और कहा कि यह रिसोर्ट धनरूआ क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम के अंत में संचालक उपेंद्र नारायण विद्यार्थी ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

बाइक और ऑटो की टक्कर में महिला समेत दो जख्मी

मसौढ़ी (आससे)। पटना-गया राष्ट्रीय राजमार्ग 22 पर रविवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। मसौढ़ी के दामरीचक मोड़ के पास बाइक और ऑटो की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें बाइक पर सवार महिला समेत दो लोग घायल हो गए।दरअसल, दमडीचक मोड़ लगातार हादसों का गवाह बनता जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से यहां लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। रविवार दोपहर भी इसी मोड़ पर तेज रफ्तार ऑटो और बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा गया। ग्रामीणों ने बताया कि यह मोड़ काफी खतरनाक है और यहां स्पीड ब्रेकर व संकेतक की जरूरत है, ताकि आगे इस तरह के हादसे रोके जा सकें।

ऑटो चालक ने पेश की ईमानदारी की मिसाल 20 हजार नगदी और सामान भरा बैग लौटाया

मनेर। सड़क पर मिला करीब 70 हजार रुपये मूल्य का सामान उसके असली मालिक को लौटाकर मनेर के एक ऑटो चालक ने ईमानदारी की



मिसाल पेश की है।

जानकारी के अनुसार खासपुर पंचायत निवासी ऑटो चालक विनोद कुमार तिवारी को शनिवार की रात पटना जीपीओ के समीप एक बैग गिरा मिला। बैग में दो मोबाइल फोन, 20 हजार रुपये नकद और हजारों रुपये मूल्य के अन्य सामान थे।

विनोद ने मानवता का परिचय देते हुए बैग को अपने पास रखा एवं पहचान होने पर असली मालिक को लौटा दिया। बैग मिलने के बाद उसमें रखे मोबाइल पर आए कॉल के जरिए उन्होंने बैग के मालिक की पहचान की। विनोद ने अपना घर का पता बताते हुए उसे अपने पास बुलाया।

रविवार को सारण जिले के मांझी थाना क्षेत्र के मेहंदी गांव निवासी विनोद कुमार गुप्ता खासपुर पहुंचे। वहां मुखिया प्रतिनिधि बौद्धनाथ यादव की मौजूदगी में बैग उनके असली मालिक को सौंप दिया गया। अपना खोया सामान वापस पाकर बिनोद गुप्ता काफी खुश हुए और उन्होंने ऑटो चालक को इनाम देना चाहा, लेकिन विनोद कुमार तिवारी ने यह कहते हुए मना कर दिया कि किसी का खोया सामान लौटाना उनका फर्ज है। ऑटो चालक की इस ईमानदारी की पूरे इलाके में खूब सराहना हो रही है। स्थानीय लोगों ने कहा कि आज के दौर में भी ऐसे ईमानदार लोग समाज के लिए प्रेरणा हैं।

फायरिंग कर दहशत फैलाने वाला गिरफ्तार

मसौढ़ी (आससे)। मसौढ़ी अनुमंडल के खरांट गांव में सुधा डेयरी के सामने रात में फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले मामले में पुलिस ने इस कांड के मुख्य आरोपी राजा कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।घटना के संबंध में खरांट (सुधा डेयरी) निवासी लवकुश कुमार, पिता सजिन्द्र राय ने छाता ओपी में आवेदन देकर स्वङ्क्रदर्ज कराई थी। आवेदन में बताया गया था कि दिनांक 13-10-2026 की रात करीब 2 बजे अज्ञात लोगों द्वारा उनके डेयरी के सामने सड़क पर फायरिंग की गई।सुबह जब सीसीटीवी कैमरा खंगाला गया तो एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्ति दिखाई दिए। उनमें से एक की पहचान राजा कुमार, पिता उमाकांत सिंह, ग्राम तुलसीचक, थाना मसौढ़ी के रूप में हुई। दो अन्य की पहचान नहीं हो सकी थी।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी और घटनास्थल से एक खोखा बरामद कर अपने साथ ले गई थी। रात में हुई फायरिंग से पूरे इलाके में दहशत का माहौल था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी राजा कुमार को गिरफ्तार कर लिया। अन्य दो फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

शराबी पति के खिलाफ दर्ज कराया मामला

मसौढ़ी (आससे)। बिहार में शराबबंदी के बावजूद शराब पीकर घर में हंगामा और मारपीट करने का मामला सामने आया है। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के भैंसवां गांव की एक महिला ने अपने शराबी पति के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

पीड़िता अंजू देवी ने मसौढ़ी थानाध्यक्ष को आवेदन देकर बताया कि उसका पति दिनेश कुमार, पिता साधु सिंह शराब का आदी है। आरोप है कि दिनांक 31 अक्टूबर को सुबह करीब 10 बजे पति शराब पीकर घर आया और गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर वह मारपीट पर उतारू हो गया। पीड़िता ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है, पति शराब के नशे में अक्सर उसके साथ मारपीट करता है। घटना के बाद मौके पर ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई, जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई है। महिला की शिकायत पर मसौढ़ी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है और आरोपी पति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

12 माह बाद भी अधूरा पड़ा सार्वजनिक शौचालय, छठव्रतियों को होगी परेशानी

बिक्रम(आससे)। प्रखंड क्षेत्र के असपुरा गांव स्थित सूर्य मंदिर के समीप लाखों रुपये की लागत से निर्माणाधीन सार्वजनिक शौचालय एवं पेशाबघर पिछले 12 माह से अधूरा पड़ा है. ठेकेदार की कथित लापरवाही के कारण अब तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है. ऐसे में आगामी छठ महापर्व को लेकर यहां पहुंचने वाले लाखों श्रद्धालुओं को शौचालय और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

गौरतलब है कि असपुरा स्थित सूर्य मंदिर में छठ महापर्व के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने पहुंचते हैं. दूर-दराज के गांवों और क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सार्वजनिक शौचालय एवं पेशाबघर का निर्माण कराया जा रहा था. लेकिन एक वर्ष बीतने के बावजूद यह योजना पूरी नहीं हो सकी है।

बिक्रम नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल कुमार ने बताया कि ठेकेदार की लापरवाही के कारण निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं हो पाया है. वहीं शिक्षक तरुण कुमार ने कहा कि शौचालय का निर्माण भी आधा-अधूरा है. इसके अलावा संपर्क पथ का निर्माण नहीं होने से इसका समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है, जिससे सरकारी राशि खर्च होने के बावजूद राजस्व की क्षति हो रही है. पेशाबघर में पानी की व्यवस्था भी नहीं की गई है।

वहीं पूर्व मुखिया अनिल कुमार ने नगर पंचायत कार्यालय के अधिकारियों से छठ महापर्व को देखते हुए अविलंब निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है, ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी नहीं हो।

टोल प्लाजा निर्माण के विरोध में उतरे ग्रामीण

दुल्हिनबाजार (आससे)। दुल्हिन बाजार में स्टेट हाईवे टू जो बिहटा-पालीगंज महबलीपुर तक हैं जिस पर लाला भदसारा गांव के समीप व एसएच 69 जो रानीतलाब से गया के डुमरिया तक हैं जिसमें पैपुरा गांव के समीप टोल प्लाजा का निर्माण कराया जा रहा हैं। निर्माण शुरू होते ही ग्रामीण कों पता चला सड़क चौड़ीकरण कार्य हो रहा हैं पर तीसरे दिन टोल प्लाजा निर्माण की आधारशिला रखी जाने लगीं । ग्रामीण कार्य देखते ही विरोध करते हुए सड़क पर उतर गये। विरोध के सूचना पर पहुँचे पथ निर्माण विभाग के एसडीओ रमेश पासवान ने बताया कि विभाग का वरिये अधिकारी का आदेश हैं हाईवे पर टोल प्लाजा का निर्माण करवाना हैं। विभाग का तकनीकी टीम जांच व निरीक्षण कर निर्माण का जगह का चयन करती हैं। वहीं ग्रामीण सड़क पर थें उसी समय फ्रंट लाईन के निदेशक नरेन्द्र सिंह पहुँच गये और बताया कि इन दोनों जगह पर स्टेट हाईवे सड़क हैं पर ग्रामीण सड़क की सुविधा मिलती हैं। टोल प्लाजा निर्माण से पहले सड़क गुणवत्तापूर्ण व सुविधा जनक होती तब प्लाजा का निर्माण किया जाना चाहिये। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण स्थल व निर्माण कार्य को लेकर विरोध होगा। साथ ही निर्माण कार्य शुरू होने पर विरोध होगा।

पटेल जयंती पर देश की रक्षा का लिया संकल्प

बख्तियारपुर (आससे)। प्रखंड सह अंचल कॉलोनी स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर प्रधानाध्यापिका प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा का संकल्प लिया। इस मौके पर वरीय शिक्षक दिलीप कुमार ने राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतीक लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल के कृतियों एवं देश के लिये किये गए योगदान की विस्तार से चर्चा किया तथा कहा कि देश को आज उनके जैसे नेतृत्व की जरूरत महसूस किया जा रहा है। सहायक शिक्षिका वर्षा कुमारी एवं ममता कुमारी ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

धनतेरस को लेकर तैयारी में जुटे व्यवसायी

मसौढ़ी (आससे)। मसौढ़ी बाजार के आभूषण व्यवसायी इस बार धनतेरस को लेकर विशेष तैयारी में जुटे हैं इसके अलावा अन्य दुकानदार भी अपने-अपने स्तर से धनतेरस की तैयारी कर रहे हैं आगामी 8 नवंबर को दीपावली है दुकानों को सजाने के लिए साफ सफाई भी युद्ध स्तर पर चल रही है ग्राहकों को लुभाने के लिए आकर्षक सिक्के मंगाए हैं विभिन्न तरह के सिक्के बाजार में पहुंच रहे हैं आभूषण विक्रेताओं के मुताबिक इस बार महंगाई को देखते हुए हर रेंज के सिक्के उनकी दुकानों पर मिलेंगे धनतेरस का त्योहार छ नवंबर को है कोलकाता बनारस मथुरा आदि जगहों से सोने की पट्टी में धनतेरस पर बिकने वाले चीज मंगाई जा रही है। व्यवसायी ग्राहकों की पसंद पर खास ख्याल रख रहे हैं शहर के बाजार में आभूषण की कई दुकानें खुली हुई है जिसमें फैंसी डिज़ाइन के आभूषण की बुकिंग भी प्रारंभ हो गई है दुकानदारों के मुताबिक सोना 24 कैरेट 148000, सोना 22 कैरेट 131000, सोना 18 कैरेट 108 000 प्रति 10 ग्राम इसके अलावा विक्टोरिया सिक्का 2800 जॉर्ज पंचम का सिक्का 2700 सामान्य सिक्का 18 सौ रुपए गणेश एवं लक्ष्मी का सिक्का 18 सौ रुपए निर्धारित की गई है इसके अलावा विभिन्न प्रकार के धनतेरस के मौके पर की जाने वाले सामग्रियों की दुकान भी सजाई जा रही है इलेक्ट्रिक एवं इलेक्ट्रॉनिक दुकानों पर भी दीपावली के धनतेरस की तैयारी जोर से चल रही है अनुमंडल मुख्यालय एवंआसपास के धनरूआ पुनपुन लखना डुमरी बेलदारी चक वीर पभेडा नदौल भगवानगंज देवरिया नेतौल कदीरगंज नूरा नदवाँ पोठही आदि बाजारों में भी धनतेरस की तैयारी जोर-शोर से चल रही है।

मसौढ़ी में नशामुक्त बिहार अभियान तेज

मसौढ़ी (आससे)। बिहार सरकार के मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त बिहार अभियान 27 अक्टूबर से 26 नवंबर 2026 के तहत मसौढ़ी अनुमंडल में जागरूकता अभियान तेज हो गया है। इसी कड़ी में अनुमंडल कार्यालय समेत सभी सरकारी कार्यालयों में नशामुक्त बिहार सेल्फी प्वाइंट लगाया गया है।अनुमंडल कार्यालय मसौढ़ी में लगाए गए सेल्फी प्वाइंट पर स्वयं अनुमंडल पदाधिकारी एसडीएम धनराज कुमार ने सेल्फी लेकर अभियान की शुरुआत की और आम लोगों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति को बल्कि पूरे परिवार और समाज को बर्बाद करता है, इसलिए सभी को मिलकर इसे जड़ से खत्म करना होगा।

अनुमंडल कार्यालय के अलावा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विरेन्द्र कुमार भारती, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी रणजीत राणा ने सेल्फी ली,वहीं, मसौढ़ी थाना, प्रखंड कार्यालय, अंचलाधिकारी कार्यालय सहित सभी विभागों में सेल्फी प्वाइंट लगाए गए हैं। एसडीएम धनराज कुमार ने कहा कि कार्यालय आने वाले अधिकारी, कर्मचारी और आम लोग इस सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खिंचवा कर नशा न करने का संकल्प ले रहे हैं और सोशल मीडिया पर इसे साझा कर दूसरों को भी जागरूक कर रहे हैं।

एनडीए कार्यकर्ताओं ने मनाया विजयोत्सव

मसौढ़ी (आससे)। धनरुआ प्रखंड के नीमड़ा स्थित ठाकुरबाड़ी परिसर में रविवार को नवनिर्वाचित विधान परिषद सदस्य नीरज कुमार की जीत की खुशी में एनडीए कार्यकर्ताओं की ओर से अभिनंदन समारोह सह विजयोत्सव का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनडीए कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर जीत की खुशी साझा की व नीरज कुमार के प्रति अपना समर्थन जताया.कार्यक्रम का आयोजन चंदन शर्मा ने किया. इसकी अध्यक्षता ललन आजाद ने की, जबकि संचालन चंद्रभूषण सिंह ने किया. नीरज कुमार अस्वस्थ होने व हैदराबाद में उपचाररत रहने के कारण समारोह में शामिल नहीं हो सके. हालांकि, उन्होंने वीडियो कॉल के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संबोधित किया व जीत के बाद उनके इस उत्साह व सम्मान के लिए आभार जताया।

इस मौके पर धनरुआ मुखिया रानी देवी, पूर्व मुखिया विद्याभूषण प्रसाद, मंडल अध्यक्ष राणा लखन सिंह चंदेल, अजीत पांडेय, आशीष देव, अजय शर्मा, नवीन शर्मा, शत्रुघ्न कुमार और कुमुद कुमार सिंह समेत सैकड़ों एनडीए कार्यकर्ता मौजूद थे।

पर्व को लेकर एसडीएम ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक

मसौढ़ी (आससे)। लोक आस्था के महापर्व छठ एवं दिपावली की तैयारियों को लेकर मसौढ़ी अनुमंडल प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है।

मसौढ़ी अनुमंडल कार्यालय में एसडीएम धनराज कुमार की अध्यक्षता में सभी दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और

दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और पूजा समितियों के साथ की समीक्षा बैठक

पूजा समितियों के साथ समीक्षा बैठक सह ब्रीफिंग की गई। बैठक में विधि व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन और घाटों की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। मौके पर एसडीपीओ-1 राघव दयाल, एसडीपीओ-2 आशीष राज, सभी थानों के थानाध्यक्ष, अंचलाधिकारी समेत सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

एसडीएम ने बताया कि नहाय-खाय के साथ ही सभी चिन्हित छठ घाटों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी मुस्तैद हो जाएंगे। पिछले वर्ष 70 छठ चिन्हित किये गये थे जिसमें 20 घाटों को अति संवेदनशील घोषित किया गया था,इसके अलावा उन्होंने स्पष्ट कहा कि ड्यूटी से गायब रहने वाले दंडाधिकारी और पुलिस कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में घाटों पर ट्रिपल बैरिकेडिंग, साइन बोर्ड, वॉच टावर की नंबरिंग और खतरनाक घाटों को लाल कपड़े से घेरने का निर्देश दिया गया। सभी घाटों के अप्रोच पथ को अवरोध मुक्त और साफ-सुथरा रखने का काम तेजी से चल रहा है। प्रत्येक घाट पर मेडिकल टीम, एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड की तैनाती रहेगी।